RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com | PK Times News | thepktimesofficial | pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए..विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता हि है...!

वर्ष - 12 | अंक - 269 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | सोमवार, 06 अप्रैल, 2026

# उदयपुर के लाइफलाइन हाइवे पर बनेगा 363 करोड़ का सुपर एलिवेटेड कॉरिडोर


## मंत्री नितिन गडकरी ने सोश्यल मीडिया के माध्यम से शेयर की जानकारी

**लोक टुडे । जयपुर**

राजस्थान के दक्षिण द्वार कहे जाने वाले उदयपुर-रतनपुर-शामलाजी सेक्शन पर अब सफर और भी सुगम होने वाला है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि उदयपुर के खेरवाड़ा कस्बे में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 363.89 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। यह परियोजना न केवल खेरवाड़ा शहर के भीतर ट्रैफिक के दबाव को कम करेगी, बल्कि गुजरात-राजस्थान सीमा पर होने वाले सड़क हादसों पर भी लगाम लगाएगी।

### समय की बचत और सुगम आवागमन

वर्तमान में खेरवाड़ा कस्बे से गुजरने में भारी वाहनों को काफी समय लगता है। एलिवेटेड स्ट्रक्चर तैयार होने के बाद लंबी दूरी के वाहन बिना किसी रुकावट के कस्बे के ऊपर से निकल सकेंगे। शहर के नीचे की सड़कों पर स्थानीय वाहनों, पैदल यात्रियों और व्यापारियों के लिए पर्याप्त जगह होगी, जिससे यात्रा का समय बचेगा और ईंधन की खपत भी कम होगी।


Nitin Gadkari
@nitin_gadkari

राजस्थान

राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के उदयपुर - रतनपुर - शामलाजी सेक्शन पर खेरवाड़ा शहर में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 363.89 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है।

यह परियोजना खेरवाड़ा कस्बे में एक एलिवेटेड स्ट्रक्चर (ऊंची संरचना) बनाने की स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करती है। इस में स्थानीय ट्रैफिक को प्रभावी ढंग से अलग किया जाएगा और पहचाने गए 'ब्लैक-स्पॉट्स' (दुर्घटना संभावित क्षेत्रों) को ठीक किया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा में समग्र सुधार होगा। यह एलिवेटेड स्ट्रक्चर बाहर से आने वाले ट्रैफिक को स्थानीय ट्रैफिक से अलग कर गुज़रने देगा, जिससे खेरवाड़ा शहर में ट्रैफिक का दबाव कम करने में मदद मिलेगी और यात्रा का समय भी बचेगा। इससे आवागमन और भी सुगम और तेज़ हो जाएगा।

### मेवाड़ और वागड़ की अर्थव्यवस्था को मिलेगा संबल

उदयपुर संभाग के लिए यह हाईवे 'लाइफलाइन' की तरह है। दिल्ली से मुंबई को जोड़ने वाले इस रूट पर खेरवाड़ा एक महत्वपूर्ण पड़ाव है ।उदयपुर आने वाले पर्यटकों के लिए गुजरात की ओर से आना और भी आसान होगा। मालवाहक ट्रकों की आवाजाही तेज होने से लॉजिस्टिक्स सेक्टर को मजबूती मिलेगी।

### दशकों पुरानी मांग हुई पूरी

खेरवाड़ा शहर एनएच-48 पर स्थित एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। उदयपुर से अहमदाबाद जाने वाले भारी वाहनों और स्थानीय ट्रैफिक के एक ही सड़क पर होने के कारण यहाँ आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। स्थानीय नागरिक लंबे समय से यहाँ एक 'ऊंची संरचना' या एलिवेटेड रोड की मांग कर रहे थे। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि गडकरी ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना जनता की इसी मांग को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

### ब्लैक स्पॉट्स का होगा सफाया

नेशनल हाईवे-48 का यह हिस्सा 'ब्लैक-स्पॉट्स' (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) के लिए भी जाना जाता है। एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से स्थानीय ट्रैफिक और हाईवे का थ्रू-ट्रैफिक (बाहर से आने वाले वाहन) अलग-अलग हो जाएंगे। क्रॉसिंग और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों का टकराव कम होगा, जिससे सड़क सुरक्षा के मानकों में व्यापक सुधार होगा।

### आधुनिक तकनीक और ऊंची संरचना

363.89 करोड़ की लागत से बनने वाला यह कॉरिडोर आधुनिक इंजीनियरिंग का नमूना होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसके टेंडर और निर्माण प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। नितिन गडकरी ने विश्वास जताया है कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से राजस्थान में सड़क बुनियादी ढांचे का एक नया अध्याय शुरू होगा। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के प्रयास से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिल पाएगी। उन्होंने इस स्वीकृति पर पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री गडकरी का आभार जताया।

# जयपुर में गन स्टोर मालिक के पास पुलिस-आर्मी के कारतूसों का मिला जखीरा

## राजस्थान में हथियारों का नेटवर्क, टाइगर की खाल भी मिली

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर में एक गन स्टोर से आर्मी और पुलिस के उपयोग वाले कारतूस मिलने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। दरअसल, एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड (अळर) के इनपुट पर जयपुर के माणक चौक में शिकार गन स्टोर पर पुलिस ने छापेमारी की थी। गन स्टोर के मालिक मोहम्मद जहीरुद्दीन के घर भी पुलिस की टीम ने रेड की थी। इस कार्रवाई में बिना लाइसेंस की राइफल और प्रतिबंधित हथियारों के कारतूस मिले हैं। मेड इन इंग्लैंड की अवैध राइफल भी बरामद की गई है। जांच में सामने आया है कि संचालक ने रिकॉर्ड में भी गड़बड़ की है। पुलिस ने रामगंज थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे 2 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस की सूचना पर जोधपुर की डांगियावास पुलिस ने 1 अप्रैल को दो आरोपियों जैसलमेर निवासी हेड कॉन्स्टेबल अमीन खां और एलडीसी वांगे खां को 12 बोर की अवैध बंदूक, 30 जिंदा कारतूस और 12




हजार रुपए के साथ पकड़ा था। पूछताछ में सामने आया कि दोनों जोधपुर से जैसलमेर के लिए रवाना हो रहे थे। इन्होंने ये हथियार जयपुर के परकोटा इलाके में स्थित शिकार गन हाउस से 1 लाख 20 हजार रुपयों में खरीदे थे। इसके बाद जयपुर नॉर्थ पुलिस और एटीएस ने गुरुवार को शिकार गन स्टोर के मालिक मोहम्मद जहीरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

**घर में मिली टाइगर की खाल :**

शिकार गन हाउस और इसके मालिक के रामगंज इलाके में मोहल्ला बिसायतियान स्थित घर पर सर्च में पुलिस को बाघ की खाल, बिना लाइसेंस की राइफल और प्रतिबंधित हथियारों के 32 तरह के 282 कारतूस मिले हैं। जांच में सामने आया है कि 22 बोल्ट अवैध राइफल 'मेड इन इंग्लैंड' की है। वहीं, घर से बरामद 282 कारतूसों में से कई प्रतिबंधित हैं। डीसीपी करण शर्मा ने बताया कि 282 कारतूस अलग-अलग बोर के हैं। 303 बोर पुलिस और आर्मी उपयोग में लिया करती थी, जबकि 7.62 बोर के काफी संवेदनशील प्रतिबंधित कारतूस भी मिले हैं। इसके अलावा पुराने हथियारों में उपयोग में लिए जाने वाले कारतूस भी मिले हैं।

**रिकॉर्ड में गड़बड़ की आशंका :**

पुलिस को शक है कि शिकार स्टोर के संचालक ने रिकॉर्ड में हेराफेरी कर रखी है। इस लिहाज से पूरे रिकॉर्ड को सीज कर जांच तेज कर दी गई है। पुलिस कुछ हथियारों की एफएसएल जांच भी करा सकती है। पुलिस को अंदेशा है कि पुरानी गन रखकर उस पर नई गन के नंबर पिनअप किए गए है। इसके बाद नई गन को बेच दिया गया था। अब पुलिस सभी हथियारों के बारे में जांच कर रही है कि क्या पहले भी अवैध तरीके से हथियारों की बिक्री की गई थी। यदि ऐसा है, तो किन-किन लोगों को हथियार बेचे गए।

# BJP कार्यकर्ता ने वसूली के लिए बनाई गैंग, 4 गिरफ्तार

## आरोपी खुद को बताता था विधायक प्रतिनिधि, MLA बोले- चुनाव में साथ था

**लोक टुडे । भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा जिले में अवैध गारनेट खनन के नाम पर लोगों को डरा-धमकाकर वसूली करने के मामले में भाजपा कार्यकर्ता सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने संगठित गिरोह बनाकर पिछले 3-4 दिनों में खनन कारोबारियों को झांसा देकर अवैध खनन चलाने का आश्वासन दिया और उनसे प्रति माह 30-30 हजार रुपए वसूले। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 7-8 बजे आरोपियों को पकड़ लिया गया था, जिसके बाद कोटड़ी थाने में रात 10 बजे ऋक्रफदर्ज हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी भाजपा कार्यकर्ता अजय पुलिस के सामने खुद को विधायक का प्रतिनिधि बता रहा था। इस पर विधायक गोपी मीणा ने अजय पांचाल को केवल पार्टी कार्यकर्ता बताया और कहा कि वह अजय को जानते हैं, उसने चुनाव में काम किया था, लेकिन यदि उसने गलत काम किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**विधायक की गाड़ी जैसा नंबर, प्रतिनिधि लिखकर करता था वसूली :**

जांच में सामने आया कि अजय पांचाल ने विधायक





की सफेद फॉरच्यूनर गाड़ी के नंबर 7521 जैसा ही नंबर अपनी काली स्कॉर्पियो पर लगवा रखा था। उसकी गाड़ी के आगे विधायक प्रतिनिधि भी लिखा हुआ था। इसी गाड़ी में घूमकर वह लोगों को धमकाता था और वसूली करता था। आरोप है कि वह खुद को विधायक, एसपी और पुलिस का करीबी बताते हुए कहता था कि उसे ऊपर से भेजा गया है।

**धंधा करना है तो हर महीने रकम देनी होगी :**

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया की कोटडी थाना प्रभार महावीर मीणा को सूचना मिली कि भीलवाड़ा में नोबल स्कूल के पास स्थित शिवसुंदर नगर निवासी अजय पांचाल पुत्र मदन लाल, उदलियास निवासी नंद सिंह उर्फ पिंटू सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह, मोहनपुरा निवासी नारायण गुर्जर पुत्र लादू गुर्जर और सालरिया खुर्द निवासी कालू गुर्जर पुत्र भैरु गुर्जर ने मिलकर गारनेट खनन करने वालों को धमकाया।

**15-20 लोगों से की वसूली :**

गिरोह के लोगों ने डरा धमका कर गारनेट का धंधा चलाने का झांसा पट्टी करके विश्वास में लेकर इन गारनेट का धंधा करने वाले शंकर लाल गुर्जर (डिमला का खेड़ा), राजू वैष्णव (भोजपुर), चैन सिंह (जसवंतपुरा), सोहन जाट (फतेहगढ़), धन्ना लाल व विजय गुर्जर (झाड़ौल), कालू गुर्जर (लाखा का खेड़ा), रामचंद्र व देवकीनंदन गुर्जर (सरसरी), छोटू लाल गुर्जर सहित करीब 15-20 लोगों से वसूली की।

**मामला सही पाए जाने पर गिरफ्तार :**

आरोपियों ने लोगों को झांसा देकर विश्वास में लिया और अवैध खनन चलाने का आश्वासन देकर रुपए ऐंठे। साथ ही अन्य खनन कारोबारियों को भी धमकाकर वसूली का प्रयास किया जा रहा था। प्राथमिक जांच में मामला सही पाए जाने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध, धोखाधड़ी और अवैध वसूली की धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी।आरोपियों को डिटेन करके पूछताछ की जा रही है। पुलिस गिरोह की गतिविधियों और अवैध खनन से जुड़े नेटवर्क की भी जांच कर रही है। मामले की जांच पुर सीआई कन्हैया लाल को सौंपी।

**विधायक मीणा बोले- जानता हूं, पार्टी कार्यकर्ता है :**

आपराधिक षड्यंत्र, संगठित अपराध, जबरन वसूली, धोखाधड़ी और अवैध खनन जैसे गंभीर अपराधों से पकड़ा गया अजय पांचाल विधायक मीणा का बहुत करीबी है। अजय की स्कॉर्पियों के भी नंबर 7521 व विधायक मीणा की फॉरच्यूनर गाड़ी के भी नंबर 7521 ही है। इसके अलावा, अजय अपनी गाड़ी के आगे बतौर विधायक प्रतिनिधि की प्लेट लगा रखी है, जिसे पुलिस ने बाद में हटवा दी। विधायक गोपी मीणा ने बताया कि अजय पांचाल के खिलाफ कई धोखाधड़ी की शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। यदि उसने गलत काम किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# सिवाना में कुमटाल दुर्ग तलहटी में बनेगा पैनोरमा

## कैबिनेट मंत्री लखावत ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को परियोजना को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान सरकार सिवाना के इतिहास और विरासत को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री ओंकार सिंह लखावत ने सिवाना का दौरा कर प्रस्तावित पैनोरमा स्थल का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान मंत्री लखावत ने कुमटाल दुर्ग की तलहटी में प्रस्तावित पैनोरमा निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और परियोजना को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। मंत्री ने प्रारंभिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की।





**पैनोरमा निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा**

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सिवाना के ऐतिहासिक महत्व, पर्यटन संभावनाओं और क्षेत्रीय विकास को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा हुई। मंत्री लखावत ने कहा- पैनोरमा निर्माण से सिवाना के इतिहास को नई पहचान मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय रोजगार के मौके भी सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसका उद्देश्य सिवाना की ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के इस प्रयास को जल्द साकार करना है।

# जन आधार कार्ड में फजीवाड़ा कर पेंशन हड़पी

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर में जन-आधार कार्ड से जुड़ा एक फजीवाड़ा सामने आया है। 69 साल की बुजुर्ग महिला के जन-आधार रिकॉर्ड में बिना सहमति बदलाव कर न केवल फर्जी सदस्य जोड़ दिया गया, बल्कि एड्रेस बदलकर पेंशन भी हड़प ली। मामले में ई-मित्र संचालक सहित प्रथम एवं द्वितीय स्तर के वेरिफायर की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। महिला चौपासनी हाउसिंग बोर्ड की रहने वाली चंद्रकांता पत्नी जीवनराम चौधरी है। उनके बेटे मनोज चौधरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में ई-मित्र संचालक, वेरिफायर अधिकारियों और राजबहादुर सिंह पर आपराधिक साजिश रचने और दस्तावेजों में कूटरचना कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। दोषियों को सख्त सजा देने और हड़पी गई पेंशन राशि वापस दिलाने की मांग की गई है।

**जन-आधार कार्ड में धोखाधड़ी से बदला एड्रेस :**
पीड़ित महिला के बेटे ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी मां के जन-आधार से बैंक ऑफ बड़ोदा, ज्वाला विहार शाखा में उनका बैंक खाता लिंक था, जिसमें वृद्धावस्था पेंशन जमा होती थी। 28 मार्च को आरजीएचएस योजना के लिए जन-आधार लिंक करवाने के दौरान ई-मित्र संचालक के माध्यम से जब रिकॉर्ड की जांच की गई, तो हैरत में पड़ गए। जन-आधार कार्ड में पता बदलकर ग्राम जैलमपुरा वनवास, तहसील लावां, जिला दौसा दर्ज कर दिया गया था। राजबहादुर सिंह नाम का व्यक्ति खुद को महिला का भाई दशार्ते हुए फर्जी तरीके से सदस्य के रूप में जुड़ गया। आरोप है कि यह बदलाव बिना किसी ओटीपी, वीडियो कॉल या सहमति के किया गया।

**बैंक खाता बदलकर पेंशन हड़पने का आरोप**
महिला के बेटे ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने उनकी मां का मूल बैंक खाता हटाकर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता जन-आधार से लिंक कर दिया। इसके बाद नवंबर 2025 से मां की वृद्धावस्था पेंशन इसी खाते में ट्रांसफर होने लगी, जिसका लाभ आरोपी उठा रहा है।

# धधकती आग की 9 धूणियों के बीच महंत की तपस्या

## 21 दिन तक दोपहर 12 से 3 बजे तक लगाएंगे धूणी, 23 अप्रैल तक चलेगी

**लोक टुडे। उदयपुर**

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है और भरी दुपहरी में बाहर जाना मुश्किल हो जाता है लेकिन उदयपुर में एक महंत ने भरी दोपहरी में 23 अप्रैल तक दिन में तीन घंटे तक आग के बीच बैठेंगे। रविवार को तपस्या का दूसरा दिन था। नाथ सम्प्रदाय की यह तपस्या पांच बार पहले हो चुकी है और इस बार यह छठा साल है। उदयपुर जिले के भींडर-सलूंबर रोड पर भींडर कस्बे से करीब 13 किलोमीटर दूर स्थित डेरावड़ स्थित रूपनाथ जी के मठ में यह कठोर तपस्या 12 बजे शुरू की गई। इस मठ पर आज विभिन्न संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में 21 दिवसीय नव धूणी अग्नि तपस्या का शुभारंभ हुआ। महंत योगी प्रेमनाथ महाराज ने आज जन-कल्याण एवं विश्व शांति की कामना के साथ यह तपस्या शुरू की। यह 23 अप्रैल तक लगातार 21 दिनों तक चलेगी। इसमें



महंत दोपहर 12 से 3 बजे तक भरी दुपहरी में आग के बीच में बैठ कर तपस्या करते है,उनके चारों तरफ 9 धूणियां होती हैं जिसमें कंडे रखते हैं आग जलती रहती है। सूरज की तपन के साथ ये आग और इसके बीच महंत अपनी कठोर तपस्या कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह हींता गांव से आई प्रभात फेरी के साथ हुई।
इसके बाद माँ हिंगलाज माता की विधिवत आरती की गई और भजन-कीर्तन के बीच गुरुदेव नव धूणी स्थल पर पहुंचे। तपस्या का शुभारंभ गुरु गोरक्षनाथ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।
इसके बाद नव धूणी की आरती, पूजन एवं हवन हुआ। शंख से जल अर्पण करते हुए श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की। इसके बाद महंत ने पूरे शरीर पर भभूति धारण कर तपस्या के लिए आसन ग्रहण किया। लगभग दोपहर 12 बजे, जब सूर्य की तपिश अपने चरम पर थी, तब महंत प्रेमनाथ नौ धधकती अग्नियों के बीच करीब तीन घंटे तक तपस्या में लीन रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर महंत के दर्शन किए और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# फ्लैट में गर्लफ्रेंड के साथ ड्रग्स-फैक्ट्री चला रहा था तस्कर

## जोधपुर में पॉश कॉलोनी से पकड़ी 3 किलो MD, दरवाजा तोड़कर घुसी टीम

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर के पॉश इलाके में एक फ्लैट के अंदर ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी गई है। इसी फ्लैट में मास्टरमाइंड अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रहा था। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (अत्र्ळत्र्) की टीम शनिवार को फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। लेकिन मास्टरमाइंड अपने प्रेमिका के साथ फरार हो चुका था। टीम ने फ्लैट से 2 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की ड्रग्स, नशीली गोलियां और 1.1 किलो से ज्यादा हाई-ग्रेड केमिकल जब्त किया। एड-ीसीपी अमृत जीनगर ने बताया कि 2 अप्रैल को अत्र्ळत्र् ने बनाड़ थाना इलाके में कार्रवाई की थी। यहां से 3 किलो से ज्यादा टऊ ड्रग्स बरामद कर आरोपी



गणपतराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह महज एक मोहरा है। असली मास्टरमाइंड सांचौर का रहने वाला भरत विश्नोई उर्फ आसुराम उर्फ लक्की है। वह अपनी पहचान छुपाकर आशापूर्णा प्लेटिनम के फ्लैट नंबर अ-803 में महिला के साथ रहता है और सफेद जहर तैयार कर रहा है। गणपतराम ने बताया- उसकी माली हालत बेहद खराब थी और भारी कर्ज था। इसी मजबूरी का फायदा उठाकर भरत विश्नोई ने उसे कर्ज उतारने का लालच देकर इस धंधे में धकेल दिया। पैसों के लालच में आकर मैंने बनाड़ थाने से 3 किमी दूर खेत में स्थित अपने मकान की छत सांचौर के तस्करों को ड्रग्स फैक्ट्री बनाने के लिए किराए पर दी थी।

**3.663 किलोग्राम नशीली गोलियां मिलीं**
पुलिस ने फ्लैट से सीमेंट की पीली टेप से लिपटे पैकेटों और जीपर पाउच में 2000 से ज्यादा कुल 3.663 किलोग्राम नशीली गोलियां बरामद हुईं। मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, टेप रोल और आरोपी के अहम दस्तावेज जब्त किए गए।

**क्राइम फाइल्स**

# ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी करने वाली गैंग पकड़ी

**लोक टुडे। नागौर**

नागौर पुलिस ने साइबर ठगों, मादक पदार्थ तस्करों और अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिले की कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से लाखों रुपये की ठगी करने वाली गैंग का पदार्फाश किया है। इसमें आरोपी सुनील और सुखवीर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी 'Rolex FairPlay App' के जरिए लोगों को प्रलोभन देकर उनसे रुपए हड़प लेते थे। आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटॉप और 9 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दोनों यूजर्स को ज्यादा रकम दिखाते थे, इसके बाद उसी रकम को देने के नाम पर उनसे रकम वसूलते थे।

**टेलीग्राम पर ठगी करने वाला गिरोह भी पकड़ा**
मेड़तासिटी पुलिस ने टेलीग्राम पर टास्क देने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गोपाल, अनिल, प्रमेश और सुनील को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी टेलीग्राम ग्रुप और चैनल बनाकर लोगों को मनी विड्रॉल का झांसा देते थे और स्वयं कस्टमर सपोर्ट के रूप में कार्य करते थे। इनके पास से 6 मोबाइल फोन, 3 एटीएम कार्ड और 1 बैंक पासबुक जब्त की गई है।

**डोडा पोस्त के साथ एक गिरफ्तार :**
'ऑपरेशन संकल्प' के तहत गोटन पुलिस ने आरोपी नेनाराम को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 3.085 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के घर दबिश देकर मादक पदार्थ के साथ उसे पीसने की मिक्सी और तौलने का इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी जब्त किया है।

**रेप कर फरार हुआ आरोपी भी पकड़ा :**
इसके अलावा गोटन पुलिस ने रेप के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी मुकेश उर्फ मुकेशनाथ को सीकर जिले से पकड़ा है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने किसान का भेष धारण कर रेतीले धोरों में सर्च ऑपरेशन चलाया था।

**अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार :**
खींवसर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मुमताज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आंकला बस स्टैंड स्थित आरोपी की दुकान से भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब के साथ 8830 रुपए कैश बरामद किए है। पुलिस ने आमजन से अपील भी की है कि वे किसी भी लालच में आकर अपना बैंक खाता किराये पर न दें और ऑनलाइन सट्टे जैसे अपराधों से दूर रहें।

# झुंझुनूं में बुजुर्ग पति-पत्नी ने जहर खाकर दी जान

**लोक टुडे। झुंझुनूं**

झुंझुनूं में एक बुजुर्ग पति-पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। दोनों बेसुध अलग-अलग कमरे में थे। मामला जिले के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के स्वामी सेही गांव में शुक्रवार सुबह 7 बजे का है। मृतकों की पहचान भीमचंद (पुत्र लक्ष्मण सिंह) (62) और उनकी पत्नी घोघड़ी (58) के रूप में हुई है। बेटे विनोद ने बताया कि सब कुछ सामान्य लग रहा था, मैं उठकर कमरे में गया तो मां तड़प रही थी, उनकी जीभ बाहर निकली हुई थी। फिर मैं दूसरे कमरे में गया तो वहां पिताजी भी उसी हालत में तड़प रहे थे। मैंने तुरंत सबको आवाज दी और पड़ोसियों को बुलाया। इसके बाद दोनों को हॉस्पिटल लेकर गए लेकिन बीच रास्ते में ही इनकी मौत हो गई थी। थानाधिकारी रणजीत सेवदा ने बताया कि घटना की सूचना सूरजगढ़ थाना पुलिस को मिली, एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां से सबूत शामिल किए है।

# 3 मिनट लेट आई युवती,एंट्री नहीं मिली तो रोने लगी

**लोक टुडे। सीकर**

सीकर में आज से पढ्ढरउ की सब इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा दो पारियों में हुई। आज पहले दिन की पहली पारी सुबह 11 से शुरू हुई जो 1 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित हुई। दोनों पारियों में कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। महिला अभ्यर्थियों ने केंद्र में प्रवेश करने से पहले अपने नोजपिन,हाथों की चू-ड़ियां और चुन्नी उतारी। सीकर के एसके स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में पहली पारी में तीन महिला अभ्यर्थी 2 मिनट की देरी से पहुंची लेकिन गेट बंद हो चुका था। ऐसे में उन्होंने करीब 10 से 15 मिनट तक वहां खड़े रहकर स्टाफ से रिक्वेस्ट की लेकिन एंट्री नहीं दी गई। इस्लामिया स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में जोधपुर निवासी युवती 3 मिनट देरी से पहुंची। जब उसे प्रवेश नहीं मिला तो वह केंद्र के बाहर बैठकर रोने लगी। युवती ने बताया कि 3 साल से वह तैयारी कर रही थी लेकिन आज परीक्षा नहीं दे पाई। बता दें कि सीकर में सोमवार को भी दो पारियों में एग्जाम होनी है। दोनों दिन के लिए कुल 37 केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें दोनों दिन में कुल 24 हजार अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। आज पहले दिन 11995 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। इनमें पहली पारी में 7007 और दूसरी पारी में 6968 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। हर केंद्र पर दो वीडियोग्राफर भी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा 7 फ्लाइंग टीम बनाई गई हैं। जो सेंटर पर जाकर जांच करेंगी। आरपीएससी की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा में कोई कैंडिडेट नकल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे 10 लाख रुपए से 10 करोड़ तक का जुमार्ना और 10 साल की जेल की सजा होगी। यदि कोई कर्मचारी भी शामिल रहता है तो उसे भी यही सजा मिलेगी। इसके अलावा अगर कोई डमी कैंडिडेट को एग्जाम देते पकड़वाता है तो उसे 1 लाख रुपए ईनाम दिया जाएगा।

www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com



जनता की आवाज

विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, सोमवार, 06 अप्रैल, 2026

# अटल ज्ञान केन्द्रों में बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी

## मुख्यमंत्री कार्यालय में सीएम ने बैठक लेकर किया निर्देशित



**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अटल ज्ञान केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब पंचायत स्तर पर ही आधुनिक लाइब्रेरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। राज्य सरकार की मंशा है कि गांव का युवा गांव में ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सके, इसके लिए अटल ज्ञान केन्द्रों को समुचित मूलभूत एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि युवाओं को पढ़ाई के लिए शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि अटल ज्ञान केन्द्रों पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं तथा डिजिटल संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, इन केन्द्रों पर ई-मित्र सेवाएं एवं ऑनलाइन क्लासेस की सुविधा भी विकसित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल ज्ञान केन्द्रों के नवीन भवनों के निर्माण में गुणवत्ता एवं उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रत्येक केन्द्र का मानक नक्शा (मॉडल डिजाइन) तैयार कर उसे मॉडल के रूप में विकसित किया जाए।

### वंदे गंगा जल संरक्षण एवं पौधारोपण अभियान में बढ़ाएं जनभागीदारी

शर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि 19 मार्च से संचालित किए जा रहे मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर अब तक की प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्राप्त सुझावों का विश्लेषण कर शिक्षा, चिकित्सा एवं आधारभूत सुविधाओं पर फोकस किया जाए। साथ ही, आगामी दिनों के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर ग्राम सभाओं के बिंदु निर्धारित किए जाएं, जिनमें आगामी वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों को भी प्राथमिकता से शामिल किया जाए तथा इन अभियानों में अधिकाधिक जनभागीदारी को बढ़ाया जाए।

### जयपुर बने स्मार्ट मैनेजमेंट और उन्नत तकनीक आधारित मॉडल सिटी

मुख्यमंत्री ने स्वायत्त शासन विभाग को अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए एकीकृत कंट्रोल रूम मॉडल को सुदृढ़ीकरण के साथ अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जयपुर को स्मार्ट मैनेजमेंट और उन्नत तकनीक आधारित मॉडल सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किए जाए, जिससे स्वच्छता, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सुरक्षा को नई मजबूती मिल सके। शर्मा ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में देरी से लागत बढ़ती है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विकास कार्य में देरी के लिए जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व सीवरेज कार्यों से प्रभावित सड़कों के गड्ढों एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत की जाए, ताकि आमजन को बारिश के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इस दौरान उन्होंने एफएसटीपी एवं शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स लगाए जाने के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास, स्वायत शासन एवं पंचायतीराज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास वीसी के माध्यम से जुड़े।

# बिना मान्यता स्कूल चलाने पर होगी कार्रवाई



**लोक टुडे। बीकानेर**

बीकानेर जिले में बिना मान्यता संचालित हो रहे निजी स्कूलों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) किशनदान चारण ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही डमी स्टूडेंट्स को एडमिशन दे रहे निजी स्कूलों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। ऐसे स्कूलों की मान्यता समाप्त करने के प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भेजे जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जांच कर दो सदस्यीय टीम गठित करें और 16 अप्रैल तक इसकी रिपोर्ट पेश करें। आदेश में कहा गया है कि जिले में कई निजी स्कूल बिना विभागीय मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा कुछ स्कूलों द्वारा स्वीकृत कक्षाओं से ऊपर की कक्षाओं में भी अवैध रूप से प्रवेश दिए जा रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। जिला शिक्षा अधिकारी किशनदान चारण ने बताया कि कुछ स्कूल डमी स्टूडेंट्स के एडमिशन लेकर उन्हें अन्य स्कूलों में ट्रांसफर कर रहे हैं। वहीं कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स भी डमी एडमिशन वाले स्टूडेंट्स को सुबह की शिफ्ट में पढ़ा रहे हैं। इन स्कूलों पर भी सीधी कार्रवाई होगी। इस तरह की गतिविधियों को गंभीर अनियमितता मानते हुए ऐसे स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दी गई है। मामले में राजस्थान गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान नियम 1993 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और कई निजी स्कूलों की जांच शुरू हो गई है।

# युवक को कुचलने पर गुस्साए लोगों ने बस में लगायी आग

## जोधपुर में तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मारी; पुलिस ने हालात नियंत्रित किए



**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर में तेज रफ्तार लोक परिवहन बस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर हालात बिगड़ गए। गुस्साए लोगों ने नारेबाजी की और बस को आग लगा दी, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाया। अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात कर भीड़ को शांत किया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। हादसा केरू क्षेत्र के लोरडी बस स्टैंड पर हुआ। राजीव गांधी नगर थानाधिकारी रवींद्रपाल सिंह ने बताया- लोक परिवहन बस शनिवार को शाम करीब 4 बजे जोधपुर से जैसलमेर जा रही थी। बस की टक्कर से बाइक सवार राजूराम (35) पुत्र पुनाराम भील निवासी लोरडी देजगरा की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार तेज थी। बस स्टैंड क्षेत्र में ड्राइवर बस को कंट्रोल नहीं कर पाया और बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला और सड़क पर गिरने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और बस ड्राइवर के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। गुस्साई भीड़ ने कुछ ही देर में बस को आग के हवाले कर दिया। आग लगने से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया। अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात कर भीड़ को शांत किया।

**ड्राइवर-कंडक्टर की तलाश जारी :** थानाधिकारी ने बताया- पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ड्राइवर और कंडक्टर की तलाश की जा रही जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस ने स्थिति को काबू में कर लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस रास्ते पर लंबे समय से बसें तेज रफ्तार में और लापरवाही से चलाई जा रही हैं, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। लगातार हादसों के बाद भी प्रशासन की ओर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# श्रीगंगानगर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 60 करोड़ की हेरोइन पकड़ी

**लोक टुडे। श्रीगंगानगर**

श्रीगंगानगर बॉर्डर पर ड्रोन से आई 12 किलो हेरोइन बरामद की गई। संयुक्त कार्रवाई में पंजाब के दो युवक पकड़े गए, जो पाकिस्तान से आई इस खेप को उठाने पहुंचे थे। सीआईडी, पुलिस और बीएसएफ ने सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाकर तस्करी की कोशिश को रोका और आरोपियों से पूछताछ शुरू की। जानकारी अनुसार पाकिस्तानी तस्करों ने ड्रोन से बॉर्डर पार कर यह



खेप भारतीय क्षेत्र में ड्रॉप की थी। सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर तुरंत ब्लॉकेड लगाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। रात के अंधेरे में ड्रोन की आवाज सुनाई दी और उसके बाद पैकेट्स गिरते देखे गए। तलाशी में 12 किलो हेरोइन बरामद हुई, जो छोटे-छोटे पैकेट्स में पैक थी। मौके से दो युवकों को पकड़ा गया, जो इस खेप को उठाने पहुंचे थे। दोनों युवक पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उनसे पूछताछ में सामने आया कि यह हेरोइन पाकिस्तान से भेजी गई थी और पंजाब में सप्लाई की जानी थी।

**अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़ाव की आशंका :** पुलिस के अनुसार यह मामला अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा हो सकता है। तस्कर ड्रोन का इस्तेमाल कर बार-बार नशीले पदार्थ भेजने की कोशिश कर रहे हैं।

# भारत-पाक बॉर्डर पर डेनमार्क का नागरिक पकड़ा

**लोक टुडे। बीकानेर**

बीकानेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास खाजूवाला क्षेत्र से विदेशी नागरिक को पकड़ा है। डेनमार्क का रहने वाला युवक करीब सात महीने पहले एक साल के वीजा पर भारत आया था। पकड़े जाने पर उसने कुछ सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए, लेकिन बाद में रोने लगा। उसे आगे की पूछताछ के लिए जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर (खक्क) भेजा गया, जहां उससे गहन जांच की जा रही है। खाजूवाला थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया - खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर एक विदेशी युवक संदिग्ध स्थिति में घूमता हुआ दिखाई दिया। इस एरिया में आमतौर पर विदेशी नागरिक नहीं आते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना कर दी। सूचना मिलते ही एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंचा। पुलिस ने युवक को आगे की विस्तृत जांच के लिए बीकानेर स्थित जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर (खक्क) भेज दिया है। सुरक्षा एजेंसियां हर पहलू से मामले की जांच कर रही हैं।

**BSF व सुरक्षा एजेंसियां भी पहुंचीं :** मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी मौके पर बुलाया गया। सभी एजेंसियों ने मिलकर युवक से पूछताछ की, लेकिन उसके सामान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

**पूछताछ में खुद को डेनमार्क का बताया :** प्राथमिक पूछताछ में युवक ने खुद को डेनमार्क का निवासी बताया। वह सितंबर में एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। शुरूआत में उसने कुछ अंग्रेजी में जवाब दिए, लेकिन बाद में चुप हो गया और थाने में रोने लगा।

युद्ध के कारण सोजत की फैक्ट्रियों में सन्नाटा, मजदूरों के भूखे मरने की नौबत, सप्लाई चेन टूटी

# दुनियाभर में फेमस सोजत की मेहंदी का रंग युद्ध से पड़ा फीका

**लोक टुडे । जयपुर**

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की आग में मारवाड़ की विश्व प्रसिद्ध मेहंदी उद्योग भी झुलस रहा है। राजस्थान के सोजत (पाली) में 150 से ज्यादा फैक्ट्रियों में मशीनों के पहिए थम गए हैं। 2200 से ज्यादा मजदूरों को घर भेजा जा चुका है। सोजत के निर्यातकों का करीब 250 करोड़ रुपए का माल पोर्ट और गोदामों में फंसा हुआ है। 4 से 5 हजार करोड़ रुपए सालाना टर्नओवर वाले इस कारोबार पर ब्रेक लग गया है। व्यापारियों के अनुसार पिछले एक महीने से एक्सपोर्ट पूरी तरह ठप है। सोजत में करीब 35 ऐसी बड़ी फैक्ट्रियां हैं, जो खास तौर पर मिडिल ईस्ट के लिए नेचुरल मेहंदी और हेयर डाई बनाती हैं। मांग न होने के कारण उत्पादन 20% तक सिमट गया है। कोरोना काल के बाद पहली बार ऐसे हालात बने हैं।

### माल भाड़ा हुआ डबल, पेमेंट भी फंसा

निर्यातक विनोद लोढ़ा के अनुसार, मुंबई पोर्ट और दिल्ली एयर कार्गो में करीब 150 करोड़ का माल अटका हुआ है। युद्ध के कारण खाड़ी देशों की ओर जाने वाले जहाजों का जोखिम बढ़ गया है, जिससे शिपिंग कंपनियों ने माल भाड़ा दोगुना कर दिया है। पुराने भेजे गए माल का पेमेंट भी समय पर नहीं मिल पा रहा है।

### 130 देशों का ग्लोबल मार्केट अब अधर में

सोजत की मेहंदी का रसूख इतना बड़ा है कि यह केवल भारत या खाड़ी देशों तक सीमित नहीं है। यह फ्रांस, पेरिस, आयरलैंड, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित देशों तक अपनी पहुंच बना चुकी है। व्यापारियों के अनुसार, सोजत से निकलने वाली प्रीमियम मेहंदी और नेचुरल हेयर डाई की मांग यूरोपीय देशों में साल भर रहती है, लेकिन मौजूदा युद्ध ने शिपिंग रूट्स को इतना असुरक्षित बना दिया है कि 130 देशों का यह विशाल नेटवर्क ठप होने की कगार पर है। जो मेहंदी स्पेन, यूनान और माल्टा जैसे देशों के बाजारों की शोभा बढ़ाती थी, वह अब ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स की समस्याओं के कारण सोजत के गोदामों से बाहर नहीं निकल पा रही है।



### गुजरात से आने वाला कच्चा माल हुआ महंगा

मेहंदी व्यापारी सुरेन हिरानी ने बताया कि मेहंदी के कोन और पाउडर बनाने के लिए जरूरी रॉ-मटेरियल मुख्य रूप से गुजरात से आता है। युद्ध के कारण सप्लाई चेन प्रभावित होने से वहां के सप्लायर्स ने रेट बढ़ा दिए हैं। 10 ग्राम से लेकर 1 किलो तक की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाला मटेरियल, जो पहले 250 रुपए किलो मिलता था, वह अब 350 रुपए तक पहुंच गया है।

### खाड़ी देशों की पहली पसंद है 'सोजत मेहंदी'

सोजत की मेहंदी अपनी ए-ग्रेड क्वालिटी के लिए जानी जाती है। यहां मेहंदी में केमिकल के बजाय लौंग, नीलगिरी और टी-3 नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल होता है। यही वजह है कि इसकी डिमांड मिडिल ईस्ट के अलावा दुनिया के 130 देशों में है। लेकिन वर्तमान युद्ध की स्थिति ने इस चमक को फिलहाल धुंधला कर दिया है।

### 4 से 5 हजार करोड़ रुपए का सालाना टर्नओवर

सोजत का मेहंदी कारोबार का सालाना टर्नओवर 4 से 5 हजार करोड़ रुपए सालाना है। व्यापारियों ने दावा किया- यदि युद्ध आज भी रुक जाए, तो स्थिति को सामान्य होने में कम से कम 4 से 6 महीने का समय लगेगा। एक्सपोर्ट्स की सबसे बड़ी दुविधा यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंदी और डिमांड की कमी के चलते वे अपनी फिनिश्ड गुड्स (तैयार माल) की कॉस्ट नहीं बढ़ा पा रहे हैं। लागत में 40% तक की बढ़ोतरी होने के बावजूद पुरानी रेट पर भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। घरेलू बाजार में भी माल भेजना अब महंगा हो गया है, क्योंकि ट्रांसपोर्टेशन की लागत बढ़ चुकी है।

### पलायन बनी मजबूरी

मेहंदी व्यापारी अनिल हिरानी ने बताया कि काम बंद होने के कारण अब तक करीब 2200 मजदूरों को घर भेजा जा चुका है। इनमें से 80% श्रमिक यूपी, बिहार और कोटपूतली (राजस्थान) के हैं। काम न मिलने के कारण श्रमिक पलायन को मजबूर हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और मंडी सप्लायर्स पर भी बुरा असर पड़ा है।

### रमजान के बाद ऑर्डर ठप, 100 करोड़ का माल गोदामों में कैद

सोजत के मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्टर विनोद लोढ़ा ने बताया- रमजान से पहले के ऑर्डर तो समय पर चले गए थे, लेकिन उसके बाद आए सभी ऑर्डर युद्ध के कारण रुक गए हैं। वर्तमान में करीब 100 करोड़ रुपए की मेहंदी अकेले सोजत के गोदामों में तैयार पड़ी है, जिसे दुबई भेजा जाना था। लेकिन न तो नए ऑर्डर मिल रहे हैं और न ही पुराने ऑर्डर्स की डिस्पैचिंग हो पा रही है।



### क्यों खास है सोजत की मेहंदी?

सोजत की मेहंदी को इसकी शुद्धता और गहरे रंग के लिए GI टैग (Geographical Indication) भी मिल चुका है। यहां की मेहंदी में किसी भी प्रकार के हानिकारक केमिकल के बजाय प्राकृतिक तेलों का उपयोग किया जाता है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारता है।

## थाने में भाजपा महिला नेता और उनके देवर से बदसलूकी

**लोक टुडे । अजमेर**

अजमेर के भिनाय थाने में भाजपा पंचायत समिति सदस्य और उनके देवर के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि 21 मार्च को उनके घर में चोरी हुई थी, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। जब वे शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो वहां तैनात कॉन्स्टेबल ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। कॉन्स्टेबल ने धमकी दी कि बाहर निकल जा, नहीं तो इलाज कर दूंगा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कॉन्स्टेबल और युवक से बहस करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और मुकदमा दर्ज करने में देरी की। उन्होंने कॉन्स्टेबल के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। मामले में एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने कहा- घटना उनके संज्ञान में आई है और वे मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे।

**बाहर निकल जा, नहीं तो इलाज कर दूंगा :** भाजपा पंचायत समिति सदस्य सोनिया सोनी के देवर, युवराज सोनी ने बताया कि शनिवार को वे और उनकी भाभी शिकायत लेकर थाने गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां तैनात कॉन्स्टेबल हेमसिंह ने न केवल उनकी भाभी के साथ बदसलूकी की, बल्कि उन्हें भी धक्का देकर थाने से बाहर निकाल दिया। युवराज के अनुसार, कॉन्स्टेबल ने उन्हें धमकी दी- बाहर निकल जा, नहीं तो इलाज कर दूंगा। पुलिस ने उनकी चोरी का मामला भी दर्ज नहीं किया है।

**आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ :** भाजपा पंचायत समिति सदस्य सोनिया सोनी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया- 21 मार्च 2026 को वह अपने रिश्तेदार के यहां बिजयनगर गई हुई थीं। 23 मार्च को घर लौटने पर उनके मकान का ताला टूटा मिला और अंदर आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, जरूरी दस्तावेज और करीब 7 हजार रुपए नगद गायब थे। चोरी हुए सामान में करीब पांच तोला सोने का हार, डेढ़ तोला के झूमर, दो तोला की रखड़ी-झेला सेट, आधा तोला के टोप्स, तीन तोला का मंगलसूत्र, आधा तोला की अंगूठी और करीब 300 ग्राम चांदी की 2 जोड़ी पायजेब शामिल हैं। इसके अलावा आई-10 कार की आरसी और प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी चोरी हो गए।

# झुंझुनूं में महिला की मौत मॉच्युर्री के बाहर मारपीट

छुट्टी पर आए फौजी पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**लोक टुडे । झुंझुनूं**

झुंझुनूं में एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। इधर, रविवार सुबह जब मृतका सबीना (24) का पति और ससुराल वाले मॉच्युर्री के बाहर पहुंचे तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया और आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। मामला जिले के धनूरी थाना क्षेत्र के कोलिंडा गांव का है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार सबीना उर्फ सोनू पुत्री सलेमुद्दीन का निकाह करीब ढाई वर्ष पहले कोलिंडा निवासी इकरार खान के साथ हुआ था। परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपनी शादी में सोने-चांदी के जेवर, कपड़े और बाकी सामान दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सबीना को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे।

**छुट्टी पर आया था फौजी पति :** मृतका का पति इकरार खान भारतीय सेना की 16 ग्रेनेडियर्स यूनिट में तैनात है और वर्तमान में उसकी पोस्टिंग कुपवाड़ा में है। बताया जा रहा है कि इकरार घटना से कुछ दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। पीहर पक्ष का आरोप है कि सबीना की मौत सामान्य आत्महत्या नहीं बल्कि सोची-समझी हत्या है, जिसे अब आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

**मोच्युर्री के बाहर उपजा तनाव, हुई मारपीट :** घटना की सूचना पर धनूरी थाना पुलिस और डिप्टी हरि सिंह धायल जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मलसीसर के उप जिला अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के दौरान अस्पताल परिसर में पीहर और ससुराल पक्ष के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए पीहर पक्ष को सौंप दिया है। डिप्टी हरि सिंह धायल ने बताया कि मृतका के परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस हर पहलू से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।




## घायलों की मदद के लिए आए युवक को कुचला, मौत

दौसा में नेशनल हाईवे पर 3 ट्रेलर भिड़े



**लोक टुडे । दौसा**

दौसा में रविवार को जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर तीन ट्रेलर आपस में टकरा गए। इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए। इसी दौरान घायलों की मदद के लिए आए एक युवक को ट्रेलर ने कुचल दिया और उसकी मौत हो गई। हादसा सुबह 7:30 बजे मेहंदीपुर बालाजी क्षेत्र के खेड़ा पहाड़पुरा गांव के पास हुआ। हादसे में ट्रेलर का ड्राइवर और उसका साथी कैबिन में बुरी तरह से फंस गए थे, जिन्हें वहां मौजूद लोगों की मदद से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवे पर सुबह एक ट्रेलर का अचानक टायर फट गया था। टायर फटने की आवाज सुन ट्रेलर वाले ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी बीच स्पीड में पीछे से दूसरा ट्रेलर आ रहा था। ड्राइवर स्पीड को कंट्रोल नहीं कर पाया और हाईवे पर खड़े ट्रेलर से टकरा गया। धमाके की आवाज सुन ढाबे पर काम करने वाले युवक मदद के लिए दौड़ा। तभी तीसरा ट्रेलर स्पीड से आया और उसने ढाबे पर काम करने वाले युवक को कुचल दिया। इस पर उसे सिकराय के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## अफीम परख प्रक्रिया में किसानों को राहत, अफीम तौल में अब 3 श्रेणी वगीर्कृत

**लोक टुडे । प्रतापगढ़**

प्रतापगढ़ शहर की इंदिरा कॉलोनी स्थित अफीम तौल केंद्र पर पिछले 8 दिनों से तौल का कार्य लगातार जारी है। जिलेभर के काश्तकार निर्धारित तिथियों के अनुसार केंद्र पर पहुंचकर अपनी उपज का तौल करवा रहे हैं। इधर शनिवार से नारकोटिक्स विभाग की ओर से अफीम की परख प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब अफीम का तीन श्रेणी में वर्गीकरण कर तौल किया जा रहा है। विभाग के इस फैसले से काश्तकार खुश हैं। जिला अफीम अधिकारी एच एल वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान केंद्र पर पहुंच रहे हैं। विभाग की ओर से तौल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। जिससे काश्तकारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। तौल केंद्र पर अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम लगातार मौजूद रहकर पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रही है।

**क्लासिंग प्रणाली में किया गया बदलाव :** विभाग की ओर से अफीम की क्लासिंग प्रणाली में भी बदलाव किया गया है। पूर्व में लागू विभिन्न श्रेणियों के स्थान पर अब स्टैंडर्ड, डब्ल्यूएम और सस्पेक्टेड जैसी नई श्रेणियों के आधार पर अफीम का वर्गीकरण किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इससे गुणवत्ता के आधार पर पारदर्शी और सरल प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। गुणवत्ता के अनुसार ही काश्तकारों को उपज का भुगतान किया जाएगा।


स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)